# NCERT Solutions for Class 10th: Ch 1 रासायनिक अभिक्रियाएँ एवं समीकरण प्रश्नोत्तर विज्ञान

### NCERT Solutions of Science in Hindi for Class 10th: Ch 1 रासायनिक अभिक्रियाएँ एवं समीकरण विज्ञान

**प्रश्न**

पृष्ठ संख्या - 6

1. वायु में जलाने से पहले मैग्नीशियम रिबन को साफ़ क्यों किया जाता है?

**उत्तर**

मैग्नीशियम एक बहुत ही अभिक्रियाशील धातु है| संग्रहित करते समय, यह ऑक्सिजन के साथ अभिक्रिया करता है ताकि इसकी सतह पर मैग्नीशियम ऑक्साइड कि एक परत बन सके| मैग्नीशियम ऑक्साइड की यह परत स्थायी होती है और ऑक्सीजन के साथ मैग्नीशियम की अधिक अभिक्रिया को रोकती है| मैग्नीशियम रिबन कि इसी परत को हटाने के लिए इसे रेत कागज से साफ़ किया जाता है जिससे कि अंतर्निहित धातु को वायु के संपर्क में लाया जा सके|

2. निम्नलिखित रासायनिक अभिक्रियाओं के लिए संतुलित समीकरण लिखिए|
(i) हाइड्रोजन + क्लोरीन → हाइड्रोजन क्लोराइड
(ii) बेरियम क्लोराइड + एल्युमिनियम सल्फेट → बेरियम सल्फेट + एलुमिनियम क्लोराइड
(iii) सोडियम + जल → सोडियम हाइड्रोक्साइड + हाइड्रोजन

**उत्तर**

(i) $H_2$ (g) + $Cl_2$ (g) → 2HCl (g)

(ii) $3BaCl_2$ (s) + $Al_2(SO_4)_3$ (s) → $3BaSO_4$ (s) + $2AlCl_3$ (s)

(iii) 2Na(s) + $2H_2O$ (l) → 2NaOH (aq) + $H_2$ (g)

3. निम्नलिखित अभिक्रियाओं के लिए उनकी अवस्था के संकेतों के साथ संतुलित रासायनिक समीकरण लिखिए:

(i) जल में बेरियम क्लोराइड तथा सोडियम सल्फेट के विलयन अभिक्रिया करके सोडियम क्लोराइड का विलयन तथा अघुलनशील बेरियम सल्फेट का अवक्षेप बनाते हैं|

(ii) सोडियम हाइड्रोक्साइड का विलयन (जल में) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के विलयन (जल में) से अभिक्रिया करके सोडियम क्लोराइड का विलयन तथा जल बनाते हैं|

**उत्तर**

(i) $BaCl_2$ (aq) + $Na_2SO_4$ (aq) → $BaSO_4$ (s) + 2NaCl (aq)

(ii) NaOH (aq) + HCl (aq) → NaCL (aq) + $H_2O$ (l)

पृष्ठ संख्या - 6

1. किसी पदार्थ 'X' के विलयन का उपयोग सफेदी करने के लिए होता है|
(i) पदार्थ 'X' का नाम तथा इसका सूत्र लिखिए|
(ii) ऊपर (i) में लिखे पदार्थ 'X' की जल के साथ अभिक्रिया लिखिए|

**उत्तर**

(i) पदार्थ 'X' का नाम कैल्शियम ऑक्साइड है और इसका सूत्र CaO है|

(ii) कैल्शियम ऑक्साइड जल के साथ तीव्रता से अभिक्रिया करके बुझे हुए चूने (कैल्शियम हाइड्रोक्साइड) का निर्माण करता है|
CaO (s) + $H_2O$ (l) → $Ca(OH)_2$ (aq)
बिना बुझा हुआ चूना + जल → बुझा हुआ चूना

2. क्रियाकलाप 1.7 में एक परखनली में एकत्रित गैस की मात्रा दूसरी से दोगुनी क्यों है? उस गैस का नाम बताइए|

**उत्तर**

जल में दो भाग हाइड्रोजन और एक भाग ऑक्सीजन है| इसलिए जल के विद्युत् अपघटन के दौरान एक परखनली में एकत्रित गैस की मात्रा दूसरे परखनली उत्पादित गैस की मात्रा से दोगुनी है| यह गैस हाइड्रोजन है|

पृष्ठ संख्या - 15

1. जब लोहे की कील को कॉपर सल्फेट के विलयन में डुबोया जाता है तो विलयन का रंग क्यों बदल जाता है?

**उत्तर**

जब लोहे की कील को कॉपर सल्फेट के विलयन में डुबोया जाता है तब लोहे (आयरन) ने दूसरे तत्व कॉपर को कॉपर सल्फेट के विलयन से विस्थापित कर देता है| इस प्रकार कॉपर सल्फेट के विलयन का रंग बदल जाता है|

यहाँ निम्नलिखित अभिक्रिया होती है:

Fe (s) + $CuSO_4$ (aq) → $FeSO_4$ (aq) + Cu (s)

1. क्रियाकलाप 1.10 से भिन्न द्विविस्थापन अभिक्रिया का एक उदाहरण दीजिए|

**उत्तर**

2KBr (aq) + $BaI_2$ (aq) → 2KI (aq) + $BaBr_2$ (aq)

2. निम्न अभिक्रियाओं में उपचयित तथा अपचयित पदार्थों की पहचान कीजिए:

(i) 4Na (s) + $O_2$ (g) → $2Na_2O$ (s)
(ii) CuO (s) + $H_2$ (g) → Cu (s) + $H_2O$ (l)

**उत्तर**

(i) सोडियम का उपचयन या ऑक्सीकरण होता है क्योंकि इसमें ऑक्सीजन की वृद्धि हो रही है तथा ऑक्सीजन को कम करता है|
(ii) कॉपर ऑक्साइड (CuO) में ऑक्सीजन का ह्रास हो रहा है इसलिए यह अपचयित हुआ है तथा हाइड्रोजन में ऑक्सीजन की वृद्धि हो रही है इसलिए यह उपचयित हुआ है|

पृष्ठ संख्या 16

**अभ्यास**

1. नीचे दी गई अभिक्रिया के सम्बन्ध में कौन-सा कथन असत्य है?

$2PbO (s) + C (s) \rightarrow 2Pb (s) + CO2 (g)$

(a) सीसा अपचयित हो रहा है|
(b) कार्बन डाइऑक्साइड उपचयित हो रहा है|
(c) कार्बन उपचयित हो रहा है|
(d) लेड ऑक्साइड अपचयित हो रहा है|

(i) (a) एवं (b)
(ii) (a) एवं (c)
(iii) (a), (b) एवं (c)
(iv) सभी

**उत्तर**

(i) (a) एवं (b)

2. $Fe_2O_3 + 2Al \rightarrow Al_2O_3 + 2Fe$

ऊपर दी गई अभिक्रिया किस प्रकार की है?
(a) संयोजन अभिक्रिया
(b) द्विविस्थापन अभिक्रिया
(c) वियोजन अभिक्रिया
(d) विस्थापन अभिक्रिया

**उत्तर**

(d) विस्थापन अभिक्रिया

3. लौह चूर्ण पर तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल डालने से क्या होता है? सही उत्तर पर निशान लगाइए|

(a) हाइड्रोजन गैस एवं आयरन क्लोराइड बनता है|
(b) क्लोरीन गैस एवं आयरन हाइड्रोक्साइड बनता है|
(c) कोई अभिक्रिया नहीं होती है|
(d) आयरन लवण एवं जल बनता है|

**उत्तर**

evidyarthi

(a) हाइड्रोजन गैस एवं आयरन क्लोराइड बनता है|

4. संतुलित रासायनिक समीकरण क्या है? रासायनिक समीकरण को संतुलित करना क्यों आवश्यक है?

**उत्तर**

एक संतुलित रासायनिक समीकरण में किसी भी रासायनिक अभिक्रिया के उत्पाद तत्वों के परमाणुओं की संख्या अभिकारक तत्वों के परमाणुओं की संख्या के बराबर होता है| द्रव्यमान के संरक्षण का नियम का पालन करने के लिए रासायनिक समीकरण का संतुलित होना आवश्यक है|

5. निम्न कथनों को रासायनिक समीकरण के रूप में परिवर्तित कर उन्हें संतुलित कीजिए|
(a) नाइट्रोजन हाइड्रोजन गैस से संयोग करके अमोनिया बनाता है|
(b) हाइड्रोजन सल्फाइड गैस का वायु में दहन होने पर जल एवं सल्फर डाइऑक्साइड बनता है|
(c) एलुमिनियम सल्फेट के साथ अभिक्रिया कर बेरियम क्लोराइड, एलुमिनियम क्लोराइड एवं बेरियम सल्फेट का अवक्षेप देता है|
(d) पोटैशियम धातु जल के साथ अभिक्रिया करके पोटैशियम हाइड्रोक्साइड एवं हाइड्रोजन गैस देती है|

**उत्तर**

(a) $3H_2$ (g) + $N_2$ (g) → $2NH_3$ (g)

(b) $2H_2S$ (g) + $3O_2$ (g) → $2H_2O$ (l) + $2SO_2$ (g)

(c) $3BaCl_2$ (aq) + $Al_2(SO_4)_3$ (aq) → $2AlCl_3$ (aq) + $3BaSO_4$ (s)

(d) 2K (s) + $2H_2O$ (l) → 2KOH (aq) + $H_2$ (g)

6. निम्न रासायनिक समीकरणों को संतुलित कीजिए:

(i) $HNO_3 + Ca(OH)_2 \rightarrow Ca(NO_3)_2 + H_2O$
(ii) $NaOH + H_2SO_4 \rightarrow Na_2SO_4 + H_2O$
(iii) $NaCl + AgNO_3 \rightarrow AgCl + NaNO_3$
(iv) $BaCl_2 + H_2SO_4 \rightarrow BaSO_4 + HCl$

**उत्तर**

(i) $2HNO_3 + Ca(OH)_2 \rightarrow Ca(NO_3)_2 + 2H_2O$
(ii) $2NaOH + H_2SO_4 \rightarrow Na_2SO_4 + 2H_2O$
(iii) $NaCl + AgNO_3 \rightarrow AgCl + NaNO_3$
(iv) $BaCl_2 + H_2SO_4 \rightarrow BaSO_4 + 2HCl$

7. निम्न अभिक्रियाओं के लिए संतुलित रासायनिक समीकरण लिखिए:
(a) कैल्शियम हाइड्रोक्साइड + कार्बन डाइऑक्साइड → कैल्शियम कार्बोनेट + जल
(b) जिंक + सिल्वर नाइट्रेट → जिंक नाइट्रेट + सिल्वर

(c) एलुमिनियम + कॉपर क्लोराइड → एलुमिनियम क्लोराइड + कॉपर
(d) बेरियम क्लोराइड + पोटैशियम सल्फेट → बेरियम सल्फेट + पोटैशियम क्लोराइड

**उत्तर**

(a) $Ca(OH)_2 + CO_2 \rightarrow CaCO_3 + H_2O$

(b) $Zn + 2AgNO_3 \rightarrow Zn(NO_3)_2 + 2Ag$

(c) $2Al + 3CuCl_2 \rightarrow 2AlCl_3 + 3Cu$

(d) $BaCl2 + K_2SO_4 \rightarrow BaSO_4 + 2KCl$

8. निम्न अभिक्रियाओं के लिए संतुलित रासायनिक समीकरण लिखिए एवं अभिक्रिया का प्रकार बताइए|
(a) पोटैशियम ब्रोमाइड (aq) + बेरियम आयोडाइड (aq) → पोटैशियम आयोडाइड (aq) + बेरियम ब्रोमाइड(s)

(b) जिंक कार्बोनेट (s) → जिंक ऑक्साइड (s) + कार्बन डाइऑक्साइड (g)
(c) हाइड्रोजन (g) + क्लोरीन (g) → हाइड्रोजन क्लोराइड (g)
(d) मैग्नीशियम (s) + हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (aq) → मैग्नीशियम क्लोराइड (aq) + हाइड्रोजन (g)

**उत्तर**

(a) $2KBr\ (aq) + BaI_2\ (aq) \rightarrow 2KI\ (aq) + BaBr_2\ (s)$ : द्विविस्थापन अभिक्रिया

(b) $ZnCO_3\ (s) \rightarrow ZnO\ (s) + CO_2\ (g)$ : वियोजन अभिक्रिया

(c) $H_2\ (g) + Cl_2\ (g) \rightarrow 2HCl\ (g)$ : संयोजन अभिक्रिया

(d) $Mg\ (s) + 2HCl\ (aq) \rightarrow MgCl_2\ (aq) + H_2\ (g)$ : विस्थापन अभिक्रिया

9. ऊष्माक्षेपी एवं ऊष्माशोषी अभिक्रिया का क्या अर्थ है? उदाहरण दीजिए|

**उत्तर**

जिन अभिक्रियाओं में उत्पाद के साथ ऊष्मा का भी उत्सर्जन होता है उन्हें ऊष्माक्षेपी अभिक्रियाएँ कहते हैं|
जैसे- $C\ (g) + O_2\ (g) \rightarrow CO_2$ + ऊष्मीय ऊर्जा

जिन अभिक्रियाओं में ऊष्मा का अवशोषण होता है उन्हें ऊष्माशोषी अभिक्रियाएँ कहते हैं|
जैसे-

$$N_2\ (g) + O_2 \xrightarrow{\text{ऊष्मा}} 2NO$$

10. ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया क्यों कहते हैं? वर्णन कीजिए|

**उत्तर**

श्वसन को ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया कहते हैं क्योंकि श्वसन में ग्लूकोज का ऑक्सीकरण होता है जिससे बड़ी मात्रा में उष्मीय ऊर्जा उत्पन्न होती है|
$C_6H_{12}O_6\ (aq) + 6O_2\ (g) \rightarrow 6CO_2\ (g) + 6H_2O\ (l)$ + ऊर्जा

eVidyarthi

11. वियोजन अभिक्रिया को संयोजन अभिक्रिया के विपरीत क्यों कहा जाता है? इन अभिक्रियाओं के लिए समीकरण लिखिए|

**उत्तर**

वियोजन अभिक्रिया में एकल पदार्थ वियोजित होकर दो या दो से अधिक पदार्थ देता है| यह अभिक्रिया संयोजन अभिक्रिया के विपरीत होती है क्योंकि संयोजन अभिक्रिया में दो या दो से अधिक पदार्थ मिलकर एक नया पदार्थ बनाते हैं|

उदाहरण: वियोजन अभिक्रिया:

$$\underset{\text{(चूना पत्थर)}}{CaCO_3(s)} \xrightarrow{\text{ऊष्मा}} \underset{\text{(बुझा हुआ चूना)}}{CaO(s)} + CO_2(g)$$

संयोजन अभिक्रिया-

$CaO\ (s) + H_2O\ (l) \rightarrow Ca(OH)_2\ (aq)$

12. उन वियोजन अभिक्रियाओं के एक-एक समीकरण लिखिए जिनमें ऊष्मा, प्रकाश एवं विद्युत् के रूप में ऊर्जा प्रदान की जाती है|

**उत्तर**

$$\underset{\text{(चूना पत्थर)}}{CaCO_3(s)} \xrightarrow{\text{ऊष्मा}} \underset{\text{(बुझा हुआ चूना)}}{CaO(s)} + CO_2(g)$$

$$2AgCl(s) \xrightarrow{\text{सूर्य का प्रकाश}} 2Ag(s) + Cl_2(g)$$

$2H_2O\ (l) \rightarrow 2H_2\ (g) + O_2\ (g)$ (विद्युत्)

13. विस्थापन एवं द्विविस्थापन अभिक्रियाओं में क्या अंतर है? इन अभिक्रियाओं के समीकरण लिखिए|

**उत्तर**

जब कोई तत्व दूसरे तत्व को उसके यौगिक से विस्थापित कर देता है, विस्थापन अभिक्रिया होती है|

जैसे- $CuSo_4\ (aq) + Zn\ (s) \rightarrow ZnSO_4\ (aq) + Cu\ (s)$

द्विविस्थापन अभिक्रिया में दो अलग-अलग परमाणु या परमाणुओं के समूह (आयन) का आपस में आदान-प्रदान होता है|

जैसे- $Na_2SO_4\ (aq) + BaCl_2\ (aq) \rightarrow BaSO_4\ (s) + 2NaCl\ (aq)$

14. सिल्वर के शोधन में, सिल्वर नाइट्रेट के विलयन से सिल्वर प्राप्त करने के लिए कॉपर धातु द्वारा विस्थापन किया जाता है| इस प्रक्रिया के लिए अभिक्रिया लिखिए|

**उत्तर**

$2AgNO_3\ (aq) + Cu\ (s) \rightarrow Cu(NO_3)_2\ (aq) + 2Ag\ (s)$

सिल्वर नाइट्रेट + कॉपर → कॉपर नाइट्रेट + सिल्वर

15. अवक्षेपण अभिक्रिया से आप समझते हैं? उदाहरण देकर समझाइए|

**उत्तर**

ऐसी अभिक्रिया जिसमें अविलेय लवण प्राप्त होता है, उसे अवक्षेपण अभिक्रिया कहते हैं|

जैसे- $Na_2CO_3\ (aq) + CaCl_2\ (aq) \rightarrow CaCO_3\ (s) + 2NaCl\ (aq)$

16. ऑक्सीजन के योग या ह्रास के आधार पर निम्न पदों की व्याख्या कीजिए| प्रत्येक के लिए दो उदाहरण दीजिए |

(a)उपचयन (b) अपचयन

eVidyarthi

**उत्तर**

उपचयन अभिक्रिया- जिस अभिक्रिया में ऑक्सीजन का योग या हाइड्रोजन का ह्रास होता है उपचयन कहलाता है|

$2Mg\ (s) + O_2\ (g) \rightarrow$ (ऊष्मा) $2MgO\ (s)$

यहाँ मैग्नीशियम ऑक्सीकृत होकर मैग्नीशियम ऑक्साइड बन जाता है|

2Cu (s) + O_(2 ) (g) → 2CuO (s)  (ऊष्मा)

अपचयन अभिक्रिया- जिस अभिक्रिया में ऑक्सीजन का ह्रास या हाइड्रोजन का योग होता है, अपचयन कहलाता है|

कॉपर ऑक्साइड अपचयित होकर कॉपर बन जाता है|

$CuO + H_2 \xrightarrow{\text{तापन}} Cu + H_2O$

यहाँ जिंक ऑक्साइड से अपचयित होकर जिंक प्राप्त होता है|

$ZnO + C \rightarrow Zn + CO$

17. एक भूरे रंग का चमकदार तत्व 'X' को वायु कि उपस्थिति में गर्म करने पर वह काले रंग का हो जाता है| इस तत्व 'X' एवं उस काले रंग के यौगिक का नाम बताइए|

**उत्तर**

भूरे रंग का तत्व 'X' कॉपर है जिस पर कॉपर ऑक्साइड की काली परत चढ़ जाती है| कॉपर को गर्म करने पर निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होता है:

$2Cu + O_2 \xrightarrow{\text{तापन}} 2CuO$

(भूरे रंग का तत्व)   (काले रंग का)

18. लोहे की वस्तुओं को हम पेंट क्यों करते हैं?

**उत्तर**

लोहे की वस्तुओं को पेंट किया जाता है क्योंकि यह उनमें जंग लगने से रोकता है| पेंट करने पर नमी और वायु से लोहे का संपर्क टूट जाता है और इस प्रकार जंग नहीं लगता है|

19. तेल एवं वसायुक्त खाद्य पदार्थों को नाइट्रोजन से प्रभावित क्यों किया जाता है?

**उत्तर**

खाद्य सामग्रियों को संग्रहित करने वाले थैलियों में से ऑक्सीजन हटाकर उसमें नाइट्रोजन जैसे कम सक्रिय गैस से युक्त कर देते हैं ताकि उनका उपचयन न हो सके|

20. निम्न पदों का वर्णन कीजिए तथा प्रत्येक का एक-एक उदाहरण दीजिए:

(a) संक्षारण   (b) विकृतगंधिता

**उत्तर**

संक्षारण- जब कोई धातु अपने आस-पास अम्ल, आर्द्रता आदि के संपर्क में आती है तब यह संक्षारित होती है और इस प्रक्रिया को संक्षारण कहते हैं| चाँदी के ऊपर काली परत व तांबे के ऊपर हरी परत चढ़ना संक्षारण के अन्य उदाहरण हैं|

$4Fe + 3O_2 + nH_2O \rightarrow 2Fe_2O_3.nH_2O$

विकृतगंधिता- वसायुक्त अथवा तैलीय खाद्य सामग्री जब लंबे समय तक रखा रह जाता है तो उसमें प्रयुक्त तेल और वसा उपचयित होकर विकृतगंधी हो जाते हैं| जैसे- मक्खन को लंबे समय तक खुला छोड़ने पर उसके स्वाद तथा गंध में परिवर्तन हो जाता है|

evidyarthi